SNo 95(I)

203

अति तत्काल

सं0 1/34/1/97-मंत्रि0

भारत सरकार

मंत्रिमंडल सचिवालय

नई दिल्ली, 1 मई,1997

11 बैशाख, 1919(शक)

मुझे यह कहने का निदेश हुआ कि दिनांक 1 मई,1997 से :

(1) प्रधानमंत्री ने वित्त मंत्रालय और श्रम मंत्रालय का कार्यभार छोड़ दिया । वे परमाणु उर्जा, कार्मिक,लोक शिकायत तथा पेंशन और शहरी कार्य एवं रोजगार मंत्रालयों/विभागों और अन्य मंत्रालय/विभाग जो किसी अन्य कैबिनेट मंत्री अथवा राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार) को आबंटित नहीं किये गये हैं जैसे: इलैक्ट्रानिक्स,विदेश,जम्मू एवं कश्मीर कार्य,महासागर विकास,पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस,विद्युत और अंतरिक्ष का कार्यभार संभाले रहेंगें ।

(2) श्री सी0एम0 इब्राहिम ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार छोड़ दिया ।

(3) श्री पी0 चिदम्बरम ने वित्त मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

(4) श्री एम0 अरुणाचलम् ने श्रम मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

(5) श्री एस0 जयपाल रेड्डी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

(6) श्री धनुषकोटि अथिथन आर0 ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय में युवा कार्य और खेल विभाग में राज्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

(7) श्री मकबूल दर ने गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

(8) श्री एस0आर0 बालासुब्रमणियन ने कार्मिक,लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का कार्यभार संभाल लिया ।

(दा॰म॰ मोहन राव)
कृते मंत्रिमंडल सचिव
दूरभाष: 3015802

--

सेवा में,

मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य ।

--

महेश

300 महेश

..2/-

204

प्रतिलिपिः योजना आयोग के उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को सूचनार्थ प्रेषित।

(दा॰म॰ मोहन राव)
कृते मंत्रिमंडल सचिव

--

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः

राष्ट्रपति के सचिव ।
उप-राष्ट्रपति के सचिव ।

(दा॰म॰ मोहन राव)
उप सचिव, मंत्रिमंडल

--

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को भी सूचनार्थ प्रेषितः

प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव।
प्रधान मंत्री के सचिव ।
प्रधान मंत्री के सूचना सलाहकार ।

(दा॰म॰ मोहन राव)
उप सचिव, मंत्रिमंडल

--

प्रतिलिपिः भारत सरकार के सभी सचिवों/विशेष सचिवों/अपर सचिवों/अध्यक्ष, रेल बोर्ड/लेखा अधिकारी, वेतन और लेखा कार्यालय, मंत्रिमंडल सचिवालय को सूचनार्थ प्रेषित ।

(दा॰म॰ मोहन राव)
उप सचिव, मंत्रिमंडल

प्रतिलिपिः भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों/लोक सभा सचिवालय (प्रश्न शाखा)/राज्य सभा सचिवालय (प्रश्न शाखा)/स्थापना अधिकारी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग/विदेश मंत्रालय (प्रोटोकोल डिवीजन)/पत्र सूचना कार्यालय/अनुभाग अधिकारी, एन॰जी॰ओ॰ अनुभाग, प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रेषित ।

(दा॰म॰ मोहन राव)
उप सचिव, मंत्रिमंडल

महेश
----
250 प्रतियां

--